## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन कृषि मजदूर नया योजना का शुभारंभ किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले में भरोसे के सम्मेलन में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना के तहत ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में नवनिर्मित 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर का लोकार्पण किया। गांव एवं नगर पंचायत (बड़ा कस्बा) में के बीच मे ज्यादा फर्क नही होता है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत नगरीय निकायों के भूमिहीन मजदूर कवर नहीं हो पाते थे। इसलिए उनके लिए राजीव गांधी नगरीय भूमिहीन कृषि मजदूर नया योजना का शुभारंभ आज से किया गया है।

### शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति पश्चात पदांकन काउंसलिंग के माध्यम से - मंत्री डॉ. टेकाम

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति के बाद पदांकन काउंसलिंग के माध्यम से की जाएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित कराने कहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा को जारी पत्र में कहा गया है कि विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यम से पदोन्नति पश्चात पदांकन में शिकायतें प्राप्त होती है। विधानसभा में भी कुछ माननीय विधायकों ने यह तथ्य मेरे संज्ञान में लाया था। अत: यह सुनिश्चित करें की शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति पश्चात पदांकन काउंसलिंग के माध्यम से हो। इसके पश्चात आवश्कता वाली शालाओं में क्रमश: पदांकन किया जाए। पदोन्नति प्रक्रिया की मॉनिटरिंग सचिवालय एवं संचालनालय के अधिकारी करें। व्याख्याता, प्राचार्य संवर्ग में पदोन्नति की कार्यवाही भी इसी रीति से की जाए।

### साइबर अपराध की एनसीसीआर पोर्टल में ऑनलाइन कर सकते हैं शिकायत - विकास कुमार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** साइबर अपराध बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन स्कैम और महिला अपराध संबंधी को देखते हुए इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1930 के बाद अब साइबर क्राइम पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल से आप अपने साथ हुए साइबर अपराध की शिकायत घर बैठे आनलाइन कर सकते हैं। साइबर अपराध की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले एनसीसीआर पोर्टल पर स्क्रॉल डाउन करके नीचे एक बॉक्स में जाना होता है। जहां होम पेज पर दिखाई देगा। बॉक्स में आपको अपराध संबंधित विकल्प दिया गया है। इसमें अपने साथ हुए साइबर अपराध से संबंधित विकल्प में जा सकते हैं। अगर पोर्टल पर आप रजिस्टर्ड नहीं है तो न्यू यूजर पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। डिटेल जैसे स्टेट, ईमेल आईडी, इस पोर्टल में मांगी जा रही मोबाइल नंबर आदि दर्ज करें। इसके बाद नंबर पर आए ओटीपी को डालकर सबमिट पर क्लिक कर दें। फॉर्म के 4 पार्ट होंगे, इसमें घटना की डिटेल, ससपेक्ट डिटेल, शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद आप शिकायत की पीडीएफ फाइल डाउनलोड भी कर सकते हैं। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि बस्तर पुलिस सायबर अपराध की शिकायत पर त्वरित कार्य कर रही है। आम जानता अपने साथ हुए साइबर अपराध की शिकायत सीधे पुलिस अधिकारी से कर सकते हैं। वहीं हेल्पलाइन नम्बर के साथ-साथ एनसीसीआर पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ समाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए मोबाईल एप लॉन्च किया : 26 से 29 मार्च तक दिया जाएगा प्रशिक्षण

- महात्मा गांधी रुरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) योजना ' के वेब पोर्टल का भी हुआ शुभारंभ
- सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए बनाये गये सॉफ्टवेयर से केन्द्रीकृत डाटाबेस का होगा निर्माण
- योजना में डोर-टू-डोर होगा सर्वे
- 200 से अधिक मास्टर ट्रेनर्स को चिप्स द्वारा 26 से 29 मार्च तक दिया जाएगा प्रशिक्षण




**रायपुर (आरएनएस)।** महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) योजना ' के वेब पोर्टल का भी हुआ शुभारंभयोजना में डोर-टू-डोर होगा सर्वेयोजना में डोर-टू-डोर होगा सर्वे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुंगेली जिले के सरगांव स्थित खेल मैदान में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में चिप्स द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ समाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु मोबाईल एप का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि राज्य के सभी वर्गों का उत्थान हमारी शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए आधुनिक तकनीकों का उचित उपयोग किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एप से छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कर नागरिकों के लाभ हेतु अनेकानेक योजनाएं बनाई जाएगी। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए चिप्स द्वारा ठाकुर प्यारेलाल राज्य प्रशिक्षण संस्थान, निमोरा में 25 मार्च से 29 मार्च 2023 तक राज्य भर के 200 से अधिक मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर चिप्स द्वारा निर्मित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) योजना के वेबसाईट का भी शुभारंभ किया। इस पोर्टल में रीपा योजना के समस्त हितग्राहियों की पूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। इस संबंध में जानकारी दी गई कि रीपा योजना से ग्रामीण उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा का सामान अवसर मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के स्थानीय उत्पाद जैसे हरबल गुलाल, गोबर निर्मित प्राकृतिक पेंट आदि के लिए बाजार भी उपलब्ध होगा। फलस्वरूप राज्य के स्थानीय नागरिकों को उनके घर के निकट गाँव में ही रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

चिप्स द्वारा निर्मित मोबाईल एप का विवरण देते चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह ऐप चिप्स द्वारा विकसित किया गया है। इस सर्वे में सम्मिलित राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत समस्त नागरिक जिनका राशन कार्ड बना है, अथवा जिनका राशन कार्ड नहीं बना है, सभी को इस सर्वेक्षण में शामिल किया जायेगा। सर्वेक्षण लिए प्रश्नों की सूची तैयार की गयी है, जिसमें वाहन, इंधन, सिंचाई साधन, परिवार के सदस्यों की संख्या और कौशल प्रशिक्षण आदि क्षेत्रों के प्रश्नों को शामिल किया गया है।

भरोसे का सम्मान कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री रूद्रगुरू, शिव डहरिया, अमरजीत भगत, विधायक धरम लाल कौशिक, पुन्नालाल मोहरे सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारी के साथ ग्रामीण बडी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर पंचायत विभाग से अवनीश शरण, प्रबंध निदेशक तथा गौरव सिंह, निदेशक, चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ शर्मा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने भरोसे का सम्मान कार्यक्रम में 731 करोड़ 54 लाख रूपए की लागत के 73 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सरगांव में आयोजित भरोसे का सम्मान कार्यक्रम में 731 करोड़ 54 लाख रूपए की लागत के 73 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

बघेल के द्वारा किए गए भूमिपूजन के 54 कार्यों की लागत 555.42 करोड़ रूपए और लोकार्पित19 कार्यों की लागत 176.12 करोड़ रूपए है।

# करनपुर स्थित कोबरा कैंप में मनाया गया 84वां सीआरपीएफ समारोह

- केन्द्रीय गृह मंत्री ने ली परेड की सलामी, उत्कृष्ट योगदान देने वाले जवानों को किया सम्मानित
- आकाशवाणी में प्रति सप्ताह प्रसारित होने वाले हल्बी बोली में समाचार का किया शुभारंभ
- सुकमा में शहीद कनई मांझी की पत्नी को किया सम्मानित

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर के निकट करनपुर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 201 कोबरा कैंप में 84वां सीआरपीएफ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यहां शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सीआरपीएफ की विभिन्न टुकडिय़ों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर सलामी दी। गृह मंत्री ने भारत देश में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सीआरपीएफ के जवानों को सम्मानित किया। इनमें सुकमा जिले में 18 फरवरी 2020 में वामपंथी उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में चार उग्रवादियों को ढेर करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाले 208 कोबरा बटालियन के जवान कनई मांझी की पत्नी पापिया मांझी भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 13 अन्य जवानों तथा अधिकारियों को तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली बटालियनों को भी सम्मानित किया। उन्होंने 174 करोड़ रुपए के लागत से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए निर्मित विभिन्न विकास एवं अधोसंरचनामूलक कार्यों का ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने जगदलपुर आकाशवाणी द्वारा हल्बी भाषा में साप्ताहिक समाचार बुलेटिन का भी शुभारंभ किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 84वें समारोह की शुभकामनाएं देते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ के बस्तर में स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने देश की शांति और सुरक्षा में अपना सर्वोच्च योगदान दिया है और इस कार्य के लिए हमारे 2249 जवानों ने बलिदानी हुए हैं। वामपंथी उग्रवाद से लोहा लेते हुए हमारे 763 जवानों ने अपनी आहुति दी है। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के जवानों के हौसलों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब समाप्ति की ओर है। सीआरपीएफ ने सभी क्षेत्रों में अपनी जान को जोखिम में डालकर दुरस्थ अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शांति की स्थापना का कार्य किया है। उन्होंने इस अवसर पर सीआरपीएफ की स्थापना और उसके इतिहास के संबंध में भी उल्लेख किया। शाह ने हल्बी बोली में साप्ताहिक समाचार बुलेटिन के प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्थानीय बोली के संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा। उन्होंने नारी शक्ति थीम पर आयोजित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला मोटर साईकल एक्सपीडिशन के लिए महिला जवानों के साहस और उत्साह की सराहना की।

इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला मोटर साईकल एक्सपिडीशन का फ्लैग इन, बस्तर के धुरवा जनजाति द्वारा धुरवा नृत्य, फ्यूजन ऑफ मार्शल आर्ट और के-9 का साहसिक प्रदर्शन किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कार्यक्रम के उपरांत जवानों एवं अधिकारियों के साथ स्वल्पाहार किया।

# मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग में 2 नग आईईडी बरामद



**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना छोटेडोंगर पुलिस को आसूचना प्राप्त हुई कि नक्सलियों की अमदई एरिया कमेटी की टीम कैंप कड़ेमेटा के आसपास ग्राम छोटे बुरगुम के पास जंगल में स्थित है। कड़ेनार एवं बोदली के बीच पल्ली बारसूर रोड में कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के लिये आने वाली है। उक्त आसूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक नारायणपुर के निर्देश पर कैंप कडेमेटा से आईटीबीपी एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी नक्सल अभियान पर छोटे बुरगुम के जंगलों में सर्चिंग के लिये रवाना किया गया था। अभियान के दौरान छोटे बुरगुम के जंगल में नक्सलियों की अमदई एरिया कमेटी की टीम के साथ उपरोक्त सुरक्षा बलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। जवाबी कार्यवाही से नक्सली भाग खड़े हुए। घटना स्थल पर बीडीएस टीम द्वारा सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों को 02 आईईडी बरामद कर बीडीएस टीम के द्वारा मौके पर विस्फोट कर नष्ट किया गया।

# 11 किलोग्राम गांजा के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार

रायपुर, 25 मार्च (आरएनएस)। कबीर नगर थाना पुलिस ने गांजा की तस्करी करने के मामले में उत्तर प्रदेश के 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 11 किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना कबीर नगर क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड नं. 2 स्थित सोनडोंगरी नाला के पास 2 व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रिक्की यादव एवं रवि खरवार निवासी उत्तर प्रदेश का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर उनके बैग में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को जगदलपुर से लाकर उत्तर प्रदेश परिवहन करना बताया गया। जिस पर आरोपी रिक्की यादव एवं रवि खरवार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 11 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग एक लाख रूपये जप्त कर उनके खिलाफ धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# नक्सल प्रभावित पोटकपल्ली स्कूल पहुंचकर बच्चों से मिले गृहमंत्री, बांटी टॉफियां



**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के नक्सल प्रभावित गांव पोटकपल्ली में शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह गांव के एक सरकारी स्कूल में अचानक पहुंचे और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातें की तो उनको अंग्रेजी में जानवरों के नाम बताए और फिर जाते-जाते टॉफियां भी बांटी। मिली जानकारी के अनुसार यह आदिवासियों को देश और दुनिया से जोडऩे की पहल के रूप में देखा जा रहा है। गृहमंत्री अमित शाह का सुकमा जाने की कोई योजना नहीं थी। स्थानिय अधिकारियों से बातचीत के दौरान जब उन्हें ज्ञात हुआ कि बस्तर में फोर्स विकास, विश्वास और सुरक्षा के तीन सूत्रीय कार्यक्रम के तहत नक्सलवाद का खत्म कर रही है, तो वह स्थिति का जायजा लेने के लिए सुकमा जाने का निर्णय लिया।

गृहमंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय बस्तर दौरे पर शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचे थे। उनको यहां पर सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होना था। इस दौरान कार्यक्रम के बाद अचानक गृहमंत्री अमित शाह हेलीकॉप्टर से सुकमा के लिए रवाना हो गए। वहां के एक गांव पोटकपल्ली में उनका हेलीकॉप्टर उतरा। इसके बाद गृहमंत्री गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचे और बच्चों को अपना परिचय देते हुए बच्चों का परिचय प्राप्त किया, इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाने की शुरुआत हो गई। गृहमंत्री अमित शाह ने क्लास रूम में टंगे चार्ट पर बने जानवरों को देखा और फिर एक-एक कर बच्चों को पास बुलाया। चार्ट पर बने चित्र पर उंगली रखते और बच्चों से उनके बारे में पूछते रहे, बच्चे भी गृहमंत्री के सवालों का जवाब देते रहे। इस दौरान गृहमंत्री ने उन्हें अंग्रेजी में भी जानवरों के नाम बताए। थोड़ी ही देर की बातचीत में बच्चे भी गृहमंत्री अमित शाह के साथ घुलमिल गए। थोड़ी देर स्कूल में रुकने और बच्चों से बातचीत के बाद गृहमंत्री अमित शाह वहां से हेलीकॉप्टर से रवाना हो गए।

# एएसआई की हत्या की गुत्थी सुलझी,एक युवक गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा के बांगो थाना में तैनात एएसआई नरेंद्र सिंह परिहार की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया हैं। मामले मे पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने होली पर डीजे नही बजाने देने की बात पर कर दी थी हत्या।

बता दें कि 9 मार्च की दरम्यानी रात को सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार की हत्या हो गई थी। मामले की जानकारी थाना प्रभारी बांगो द्वारा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों को दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड , सायबर सेल के टीम घटना स्थल पर पहुंचे घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पुलिस अधीक्षक उदय किरण ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस महानिरीक्षक बी एन मीना , बिलासपुर रेंज द्वारा घटना स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रकरण में थाना बांगो में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 458, 302 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जल्द से जल्द अज्ञात आरोपी को पकडऩे टीम गठित किया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड कोरबा एवम बिलासपुर की सयुंक्त सायबर टीम को घटना स्थल का निरीक्षण कर अपने-अपने काम में लग गई। मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से अनुसंधान कर रही थी। सयुंक्त सायबर टीम मामले की बारीकी से जांच कर रही थी साइबर टीम द्वारा घटना का समय जो रात्रि 12 बजे से सुबह साढ़े 6 बजे के बीच का होने से उस समय का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा था जिसमें विश्लेषण के आधार पर संदेही करण गिरी को अडेंटिफाई किया गया।

संदेही युवक करण गिरी को तलब कर पूछताछ किया गया जो पहले घटना करने से इंकार करता रहा फिर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा हत्या करना स्वीकार किया गया। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतक सउनि नरेन्द्र सिंह परिहार के द्वारा माह दिसम्बर में शराब प्रकरण में करण गिरी को जेल भेज दिया गया था।

# नरवा विकास वनांचल में बिखेरती बहार नरवा विकास वनांचल में बिखेरती बहार

- भू-जल संरक्षण संबंधी कार्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को मिल चुका पुरस्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास योजना' के सफल क्रियान्वयन से वनांचल की तस्वीर ही बदल गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नरवा विकास कार्यक्रम के तहत कैम्पा मद अंतर्गत वनांचल स्थित नालों में काफी तादाद में भू-जल संरक्षण संबंधी कार्यो का तेजी से क्रियान्वयन जारी है। इससे वन क्षेत्रों के भू-जल स्तर में काफी सुधार दिखाई देने लगा है और वनवासियों सहित क्षेत्रवासियों को पेयजल, सिंचाई तथा निस्तारी आदि सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलने लगा है। साथ ही साथ इससे वन संरक्षण तथा संवर्धन के कार्यों को भी बढ़ावा मिला है। राज्य में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 'स्कॉच अवार्ड' के पर्यावरण श्रेणी के लिए स्वर्ण पुरस्कार भी मिल चुका है।

वनांचल में चार वर्षों के दौरान 6395 नालों में डेढ़ करोड़ से अधिक संरचनाओं का हो रहा निर्माण

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में गत चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी 'नरवा विकास' योजना के तहत वनांचल स्थित 6 हजार 395 नालों के लगभग 23 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्रों को उपचारित करते हुए विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके तहत एक करोड़ 61 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं। इन संरचनाओं में ब्रश वुड चेक डैम, लूज बोल्डर चेक डैम, गेबियन संरचना, मिट्टी चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, वाटर अब्जॉप्शन ट्रेंच तथा स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच का निर्माण शामिल है। इसके अलावा गली प्लग, चेक डैम, स्टॉप डैम, परकोलेशन टैंक तथा तालाब, डबरी और वाटरहोल आदि भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तालाब में जल स्त्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है। इनमें वर्ष 2019-20 में 863 नालों का चयन कर लगभग 5 लाख हेक्टेयर भूमि को उपचारित करने के लिए 12 लाख से अधिक संरचनाओं का निर्माण शामिल है। जिसमें 160 करोड़ 55 लाख रूपए की राशि से 25 जिलों के अंतर्गत कुल 32 वनमंडल, 01 राष्ट्रीय उद्यान, 2 टायगर रिजर्व, 01 सामाजिक वानिकी तथा 01 एलीफेंट रिजर्व में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। इसी तरह वर्ष 2020-21 में 2 हजार 055 नालों का चयन कर 6 लाख हेक्टेयर भूमि के उपचार के लिए 46 लाख से अधिक संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें 421 करोड़ रूपए की अधिक राशि से 32 वन मंडल, 2 राष्ट्रीय, 3 टायगर रिजर्व एवं 01 एलीफेंट रिजर्व में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण जारी है। वर्ष 2021-22 में एक हजार 974 नालों का चयन कर 5 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि के उपचार के लिए 73 लाख से अधिक भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU